हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 6 सितंबर 2025






# विसर्जन के लिए 419 कृत्रिम तालाबों की व्यवस्था

## मनपा आयुक्त और कलेक्टर ने किया स्थलों का निरीक्षण, तालाबों में विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध

**नागपुर.**

शहर में इस वर्ष पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के उद्देश्य से नागपुर महानगरपालिका (मनपा) द्वारा विशेष पहल की गई है। शुक्रवार को मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी और जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर ने शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए कृत्रिम विसर्जन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।



**तालाबों में विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध :** मनपा ने इस वर्ष शहर के सभी प्राकृतिक तालाबों में गणेश मूर्तियों के विसर्जन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया है। इसके स्थान पर, शहर में कुल 419 कृत्रिम तालाबों की व्यवस्था की गई है, जो 216 स्थानों पर बनाए गए हैं। इनमें से कई तालाब शहर के प्रमुख जल निकायों के आसपास जैसे कोराडी, कोलार नदी, गोरेवाड़ा, और पुलिस लाइन टाकली में स्थित हैं।

**साफ-सफाई और सम्मान पूर्वक विसर्जन के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि विसर्जन के लिए प्रयुक्त जल और मूर्तियों का निपटान सम्मान पूर्वक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हो। साथ ही सभी स्थलों पर निर्माल्य कलश, सीसीटीवी निगरानी, नियंत्रण कक्ष, स्क्रीनिंग सुविधा, और सुसंगत पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गए।

**सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति** डॉ. चौधरी और डॉ. इटनकर ने कहा कि प्रत्येक विसर्जन स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई कर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गए हैं।

**मनपा की तैयारियों में कोई कमी नहीं :** मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत और वैष्णवी बी के निर्देशन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के माध्यम से समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल पारंपरिक धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। मनपा की यह तैयारी नागपुर शहर को एक स्वच्छ और जिम्मेदार गणेशोत्सव की दिशा में अग्रसर कर रही है।



जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर टीपू सुल्तान सेना की जानिब से भव्य नियाज का आयोजन उत्तर नागपुर स्थित टीपू सुल्तान चौक, रिंग रोड पर टीपू सुल्तान सेना द्वारा ईद मिलादुन्नबी के मौके पर श्रद्धा और भाईचारे के प्रतीक स्वरूप नियाज का आयोजन किया गया। शेख रियाज, महफूज अंसारी, इकराम खान, शब्बू खान, बाबू भाई, नवाब भाई, रफीक भाई, अशफाक भाई, राशिद भाई, राजू टकला, रफीक शाह, सलीम मिस्त्री, नासिर भाई, जमील भाई सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# कुत्ते को पत्थर मारना पड़ा

## भाई ने बहन का सिर फोड़ा

**नागपुर.** वाठोड़ा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कुत्ते को पत्थर मारने से नाराज एक युवक ने अपनी ही बहन पर डंडे से हमला कर उसका सिर फोड़ डाला। जानकारी के अनुसार, मां जगदंबा नगर निवासी जसवंत तिरथलाल अहिरवार (30) की बहन पूर्णिमा (20) ने एक कुत्ते को पत्थर मारा। इस बात से जसवंत आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए बहन को पीटने की धमकी देने लगा। गुस्से में उसने डंडे से हमला कर बहन का सिर फोड़ डाला। घायल पूर्णिमा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वाठोड़ा पुलिस ने आरोपी जसवंत अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। तलाक के बाद भी झांसा देकर पूर्व पत्नी से बलात्कार, आरोपी पति पर मामला दर्ज शहर के सदर थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। तलाकशुदा पत्नी को साथ रखने का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की उम्र 30 वर्ष है। उसका विवाह वर्धा निवासी युवक से हुआ था। पति द्वारा लगातार प्रताड़ना दिए जाने से पीड़िता पिछले दो साल से मायके में रह रही थी और उसने अदालत से तलाक भी प्राप्त कर लिया था। हालांकि यह बात महिला को ज्ञात नहीं थी। तलाक के बावजूद आरोपी उसे बार-बार साथ रखने का झांसा देता रहा। इसी बीच 6 मार्च को वह नागपुर आया और इसी बहाने उसने पीड़िता से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी महिला को अपने साथ वर्धा ले जाने का झांसा देते रहा और 3 महीने बीत जाने के बाद भी जब वह उसे घर वापस लेकर नहीं गया तब पीड़िता वर्धा पहुंच गई। वहां पर मालूम पड़ा की आरोपी ने किसी दूसरी महिला के साथ शादी कर ली है और वह उसके साथ रह रहा है। जिसके चलते ही महिला ने वनी पुलिस थाने प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया। आरोपी युवक ने कोर्ट से तलाक ले लिया था बावजूद इसके उसने पीड़ित महिला से यह बात छुपा कर रखी थी। इसी दौरान नागपुर में आकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किए थे। इसके बाद पीड़िता ने सदर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।



# ईद ए मिलादुन्नबी पर जुलूस का सर्वधर्म समभाव के साथ स्वागत

**नागपुर.**

ईद ए मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मस्जिद महेबुबे असरफी से निकाले गए जुलुस का मुस्तुफा रजा चौक पर सर्वधर्म समभाव गरीब नवाज खिदमत कमेटी ने फुलो कि पंखोडिया फेक कर जुलुस का स्वागत करके लड़डू वितरण किया ईस मुबारक मौके पर कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी ने कार्यक्रम मे आए महेमानो को फूल देकर उनका सत्कार किया गरीब नवाज खिदमत कमेटी कि मुख्यसंयोजक संतता समेती कि सदस्य शायदा खान, नागपुर शहर कॉग्रेस कमेटी ब्लाक 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर, माजी नगर सेवक शेषराव गोतमारे,शेख सकील, राजेश कोहाड़,अनीस मामू,शेख रियाज, असहद खान कादरी, मो. ज़ैद वहाब,नाज़िम काज़ी, आसिफ शेख, शेख साहिल, जमील शेख आरिफ पठान, वसीम शेख, शारुख खान, इरसाद खान सहित जुलुस मे गरीब नवाज खिदमत कमेटी के सभी कार्यकर्त्ता शामिल थे.

# ईद मिलादुन्नबी पर जाफ़र नगर में निकला जुलूस

**अमन और शांति का दिया गया पैग़ाम**

## रज़ा ए नूरी एकेडमी के तत्वावधान में हुआ आयोजन, मौलाना फिरोज साहब ने दी प्रेरणादायक तक़रीर

**नागपुर.**

जाफ़र नगर , रोज़ कॉलोनी की रज़ा ए नूरी एकेडमी के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी मनाई गई । इस अवसर पर श्याम लॉन से बेग हार्डवेयर तक लाइटिंग, मॉडल और जुलूस का इंतजाम किया गया । कार्यक्रम में हज्जन महबूबुन्निसा मस्जिद के इमाम मौलाना फिरोज साहब ने नबी हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत के पैग़ाम को याद दिलाया । उन्होंने परिवार, समाज में एक दूसरे के अधिकारों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज दुनिया गुमराही, अत्याचार, नाकाफ़ी और असंतोष से लाचार हो गई है। वह सही मंज़िल, अमन-चैन, शांति और सुकून की तलाश में है, जो पैगम्बर सअव के आदेशों में उपलब्ध है। बस ज़रूरत है अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) और उनके साथियों (अल्लाह उनसे प्रसन्न हो) के मिशन को अपनाने की। इस कार्यक्रम में अज़ीम शेख, अफरोज ख़ान, शेख शाकिर, शेख यूसुफ़, सैय्यद शोएब अली, शेख मोहसिन, शेख़ नईम, अब्दुल क़ादिर, शेख, जाबिर शेख, आदिल शेख, असीम शेख, निसार बेग, शाहबाज़ ख़ान, अली कुरैशी, मुजाहिद, शेख, नावेद शेख़, नज़ीर ख़ान, शेख़ सोहेल, शेख रुमान, आरिफ़ शेख़, दिलशाद बेग, अरहान, जसीम, अहसन, निहाल, अदयान, जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में इन सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम को सफल बनाने में महानगर पालिका और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया गया। अंत में इमाम साहब ने देश के लिए अमन शांति के लिए दुआएं मांगी।



# वाहन चोरी के मामलों मे शामिल 2 नाबालिग लगे पुलिस के हाथ

## चोरी की गाड़ियां भी मिली

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट-1 और यूनिट-2 ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए चोरी की गई मोपेड गाड़िया बरामद कर लीं और दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों ही मामलों में चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पहला मामला पाचपावली क्षेत्र का है। 3 सितंबर 2025 को शुभम मनोज नागपुरे (27), निवासी मोतीबाग रेलवे कॉलोनी, अपनी एक्टिवा (क्रमांक MH 49 BQ 7360) अन्नपूर्णा किराना स्टोर्स, भोसलेवाडी परिसर में खड़ी कर सामान लेने दुकान गए थे। चाबी स्कूटर में ही रह गई और इसी दौरान चोर वाहन चुराकर ले गया। पाचपावली पुलिस ने मामला दर्ज किया था। क्राइम ब्रांच यूनिट-2 की टीम ने तकनीकी जांच और पुख्ता जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग आरोपी को वाहन समेत पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपराध कबूल किया और चोरी की गई करीब 45,000 कीमत की एक्टिवा स्कूटर बरामद कर ली गई। दूसरा मामला सीताबर्डी क्षेत्र का है। 14 अगस्त 2025 की रात 10 से 11:45 बजे के बीच जयेश जयंत देशपांडे (29), निवासी गुंड गल्ली, तेलीपुरा, ने अपनी एक्टिवा (क्रमांक एमएच31 ईआर 4079), कीमत लगभग 30,000, घर के सामने लॉक लगाकर खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात चोर गाड़ी लेकर फरार हो गए। सीताबर्डी पुलिस ने मामला दर्ज किया था। क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने तकनीकी जांच और पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग आरोपी को चोरी की एक्टिवा सहित दबोच लिया। आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है।

# प्लॉट विवाद की वजह से एक व्यक्ति पर छेडखानी का मामला दर्ज

**नागपुर.** प्लॉट के विवाद के चलते छेड़छाड़ की घटना सामने आई है. इस मामले में यशोधारा नगर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है. मिली जानकारी के अनुसार, सौसर, मध्यप्रदेश में रहने वाली 38 वर्षीय महिला का नागपुर के धम्मदीप नगर में एक प्लॉट है.

यह प्लॉट उनके ससुराल वालों की संपत्ति है. महिला के पति के निधन के बाद वह अपने मायके में रहती हैं. शिकायतकर्ता महिला की अनुमति के बिना सौरभ महेश नगरारे (27) ने इस प्लॉट पर तीन कमरों का घर बना लिया. 4 सितंबर को जब महिला अपने ममेरे भाई के साथ प्लॉट पर आईं, तो सौरभ नगरारे ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया. उसने महिला को अश्लील गालियां दीं और शर्मनाक हावभाव दिखाए. साथ ही, उनके ममेरे भाई को हाथ-पैर तोड़ने की धमकी भी दी. इस घटना के बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर कन्हान से पिपरी तक निकाली गई भव्य रैली

## > शिवसेना उपजिलाध्यक्ष वर्धराज पिल्ले ने किया स्वागत

**कन्हान.**

ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर कन्हान पुलिस स्टेशन से लेकर पिपरी स्थित मस्जिद तक एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में भारी संख्या में नागरिकों और बच्चों ने भाग लिया। रैली के मार्ग में, नागपुर ग्रामीण शिवसेना के उपजिलाध्यक्ष वर्धराज पिल्ले ने पुराने पुलिस स्टेशन, कन्हान के समीप रैली में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रैली में भाग लेने वाले नागरिकों और बच्चों को फल, चिप्स के पैकेट, फ्रूटी और पानी की बोतलें वितरित की गईं। यह सेवा भाव रैली की विशेष पहचान बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग: इस रैली और वितरण कार्यक्रम में शिवसेना शहरप्रमुख गजानन (गज्जू) गोरले, नफीस खान, जाफर अली सैयद, प्रदीप गायकवाड़, छोटू राणे, हरीश तिडके, अजय चव्हाण, निक्कू पिल्ले, अवैश खान, अमीन खान, सोनू खान, विनोद कांबले, विक्की घोगले, दिनेश देशमुख, विक्की हावरे, प्रशांत स्वामी, रवि कुर्वे, विजय खडसे, शाहरुख खान, तनिष्क पिल्ले, ओम चहांदे, बाबू कुरेशी, वसीम खान, शारिक शेख, पप्पू खान, तौसिफ सिद्दीकी, हामिद बेग, साहिल खान, शाहिद खान, शकील सिद्दीकी, शफीक शेख, फिरोज खान, सादिक अली, गुलाब शेख, अजीम शेख सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# हुडकेश्वर पुलिस ने घातक हथियार के साथ युवक को दबोचा

**नागपुर.** हुडकेश्वर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान एक युवक को लोहे का धारदार चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चाकू समेत कुल 30 हजार 500 रुपये का माल जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना 5 सितंबर 2025 की तड़के 3:10 बजे की है। हुडकेश्वर पुलिस का गश्ती पथक पिपला ग्राम पंचायत के पास स्थित नाले के पुल पर गश्त कर रहा था।

इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशाल सुनील चुन्नरवार (29) शुभांगी नगर, हुडकेश्वर निवासी बताया। पंचों की मौजूदगी में जब उसकी व वाहन की तलाशी ली गई तो उसकी बॉक्सर मोटरसाइकिल (एमएच14 एएफ 9215) की डिक्की से लोहे का चाकू बरामद हुआ।



**मस्जिद ताजुल-औलिया समिति और जे. डी. ग्रुप की जानिब से आप सभी को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की बाहोत बाहोत मुबारकबाद...**

# शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर दिन में पाबंदी

## 8 सितंबर से नया नियम लागू, ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों पर लगेगी लगाम,

**नागपुर.**

शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम और सड़क दुर्घटनाओं की गंभीर समस्या को देखते हुए नागपुर यातायात विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। आगामी 8 सितंबर 2025 से शहर में दिन के समय भारी वाहनों की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**किन वाहनों पर लगा प्रतिबंध?** ट्रक, ट्रेलर, डंपर, कंटेनर अन्य भारी व्यावसायिक वाहन इन वाहनों को केवल रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर में प्रवेश की अनुमति होगी। सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक इनका प्रवेश सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा।

**आदेश का उल्लंघन = 10,000 जुर्माना :** ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि सभी भारी वाहनों को शहर से बाहर निकलने के लिए आउटर रिंग रोड का उपयोग अनिवार्य रूप से करना होगा। नियम का उल्लंघन करने पर 10,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह आदेश फिलहाल एक माह तक प्रभावी रहेगा, जिसके बाद समीक्षा की जाएगी।

### उल्लंघन पर 10,000 जुर्माना



**5 वर्षों में 457 लोगों की मौत :** यातायात विभाग के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में भारी वाहनों के कारण हुई 422 दुर्घटनाओं में 457 नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 550 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इन आंकड़ों को देखते हुए यह निर्णय नागरिकों की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

**पहले से ही बसों पर लग चुकी है रोक :** गौरतलब है कि इससे पहले यातायात विभाग ने निजी ट्रैवल्स बसों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगाई थी। अब भारी वाहनों पर लगे प्रतिबंध के बाद शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होने और सड़क हादसों में गिरावट आने की उम्मीद की जा रही है। नागपुर ट्रैफिक पुलिस का यह फैसला न केवल ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाएगा, बल्कि नागरिकों की जान की हिफाजत के लिए भी एक अहम कदम साबित हो सकता है। आने वाले दिनों में इसका असर शहर की यातायात व्यवस्था में साफ नजर आ सकता है।

**किन वाहनों को मिलेगी छूट?**

- दूध, पेट्रोल, डीजल, गैस, केरोसिन जैसे आवश्यक वस्तु परिवहन करने वाले वाहन
- अग्निशमन वाहन
- पुलिस और सेना के वाहन
- सरकारी कार्य हेतु प्रयोग में आने वाले वाहन
- सार्वजनिक परिवहन वाहन (बसेस आदि).

# मेयो हॉस्पिटल के गोडाउन से कॉपर वायर की चोरी

## > सवा पांच लाख का माल उड़ाया

**नागपुर.**



तहसील थाना क्षेत्र में स्थित मेयो हॉस्पिटल के एडमिन बिल्डिंग के गोडाउन से अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर के बंडल चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 5 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सौरभ प्रविण लिखार (35), स्वावलंबी नगर, राणाप्रताप नगर निवासी जेनटेक इंजीनियरिंग सर्विसेस कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से मेयो हॉस्पिटल में विद्युत उपकरण फिटिंग का काम चल रहा है। हर सोमवार कंपनी का स्टोर्स एक्ज़ीक्यूटिव स्टॉक की जांच करता है। 1 सितंबर की सुबह 10 बजे स्टोर्स एक्ज़ीक्यूटिव जांभुळकर ने शिकायतकर्ता को सूचना दी कि गोडाउन का टिन उखड़ा हुआ है और सामान कम है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि 25 अगस्त की सुबह 10 बजे से 1 सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने गोडाउन से 6 मिमी के 32 बंडल, 4 मिमी के 28 बंडल और 2.5 मिमी के 2 बंडल कॉपर वायर चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 5,65,280 बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।




# युवा किसानों के स्व-रोजगार के लिए कृषि विश्वविद्यालय की तकनीक का उपयोग करें – एड. निलेश हेलोंडे पाटील

## > विदर्भ की कृषि उपज मंडियों को आगे आना होगा
## > युवाओं और महिलाओं को मिलेगा रोजगार का नया मार्ग

**काटोल.**

विदर्भ क्षेत्र के किसानों, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सक्षम बनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालय की तकनीक और मशीनों को सीधे किसानों तक पहुँचाने की आवश्यकता है। यह कार्य कृषि उपज मंडियों के माध्यम से किया जाना चाहिए। ऐसा आवाहन वसंतराव नाईक स्वावलंबन मिशन के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) एड. निलेश हेलोंडे पाटील ने किया।

डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय, अकोला द्वारा किसानों के लिए अब तक 36 प्रकार की तकनीक और मशीनें विकसित की गई हैं। इनमें कचरा शुष्कक, मिनी दाल मिल संयंत्र, मिर्च बीज निष्कासन यंत्र, बाष्पीय शीतक भंडारण गृह, फल-सब्जी भंडारण तकनीक, सीताफल से बीज अलग करने की मशीन, गेहूँ अंकुर पाउडर निर्माण मंत्र, पशु आहार निर्माण यंत्र, फल छंटाई यंत्र, सोयाबीन से कचरा व





कंकड़ निकालने की मशीन, हरी फली छिलने और हरा चना गाठे तोड़ने की मशीन आदि प्रमुख हैं।

इन तकनीकों के इस्तेमाल से न केवल किसानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी बल्कि युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

**महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर :** बैठक में किसानों ने सुझाव दिया कि कृषि उपज मंडियों को इन तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शिवार फेरी और प्रात्यक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इससे महिलाएँ घर पर ही फल-सब्जी प्रसंस्करण, धान्य प्रसंस्करण व पशु आहार निर्माण जैसे कार्य कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।



**अनुसंधान गाँव-गाँव तक पहुँचना जरूरी :** किसानों की आत्महत्या और उत्पादन संकट का स्थायी समाधान तभी संभव है जब कृषि विश्वविद्यालय का शोध व तकनीक गाँव-गाँव तक पहुँचे और किसान इसे अपनाएँ। बैठक से यही संदेश सामने आया।

**इस अवसर पर एड. निलेश हेलोंडे पाटील ने जोर देकर कहा – "किसान बचेगा तो ही देश बचेगा।" :** उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और कुलपति डॉ. शरद गडाख से आग्रह किया कि हर स्तर पर किसान हित को सर्वोपरि रखा जाए।

**डॉ. शरद गडाख ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा :** "कृषि विश्वविद्यालय सदैव किसानों के लिए खुला है। किसानों की समृद्धि ही हमारा ध्येय है। इसके लिए निरंतर नई किस्में, तकनीकें और शोध विकसित किए जा रहे हैं ताकि इनका लाभ सीधे किसानों तक पहुँचे।"




# कामठी में गणेश विसर्जन की भव्य तैयारियां

## > नगर परिषद, पुलिस और लायन्स क्लब ने संभाली कमान

**कामठी.**



हर साल की तरह इस साल भी कामठी में गणेश विसर्जन की तैयारियां ज़ोर-शोर से चल रही हैं। इस उत्सव को सफल बनाने के लिए नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, लायन्स क्लब और ढीवर समाज बहुउद्देशीय संस्था मिलकर काम कर रहे हैं। प्रशासक और मुख्याधिकारी विनोद जाधव ने तैयारियों का जायजा लिया और भक्तों से शांतिपूर्ण विसर्जन की अपील की है। इस बार गणेश विसर्जन का मुख्य केंद्र महादेव घाट होगा। यहाँ भक्तों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं, महादेव घाट पर पर्याप्त रोशनी के लिए बिजली के इंतजाम और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लायन्स क्लब महादेव घाट पर पीने के पानी और निर्माल्य प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहा है। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए, अग्निशमन और आपातकालीन विभाग ने नाव, लाइफ जैकेट और लाइफगाड्र्स की व्यवस्था की है। शहर में कई जगहों पर सफाई विभाग ने कृत्रिम विसर्जन टैंक भी स्थापित किए हैं, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। ढीवर समाज बहुउद्देशीय संस्था के 82 प्रशिक्षित स्वयंसेवक इस काम में मदद करेंगे। नगर परिषद ने इन स्वयंसेवकों को बीमा, भोजन और टी-शर्ट भी दिए हैं। मुख्याधिकारी विनोद जाधव ने गणेश भक्तों और शहर के लोगों से अपील की है कि वे नगर परिषद, पुलिस और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें, ताकि गणेश मूर्ति विसर्जन का यह पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके।



*सावनेर में ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर कुरैशी परिवार ने बाजार चौक में लंगर का आयोजन किया। इस दौरान समोसा, जलेबी और पानी की बोतलें वितरित कर उत्साहपूर्वक पर्व मनाया गया। आयोजन में शाहिद कुरेशी, मोहम्मद कुरेशी समेत परिवार के अन्य सदस्य सक्रिय रहे।*

# केलवद में खुलेआम जुआ अड्डे पर धावा, 50 से ज्यादा जुआरी अब भी फरार

**सावनेर.**

केलवद थाना अंतर्गत ग्राम केलवद के वार्ड नंबर 1 में बैल पोला के दिन (22 अगस्त) एक घर में खुलेआम चल रहे बावनपत्ती के जुए पर पुलिस ने छापा मारा था।

इस कार्रवाई के दौरान करीब 59-60 जुआरी पुलिस से बहस करते हुए मौके से भाग निकले। घटना के फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक अधिकांश जुआरियों और घर मालिक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत तब हुई जब एक जुआरी ने भारी रकम हारने के बाद अड्डा संचालक से पैसे की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसने अड्डे पर चल रहे अवैध जुए का वीडियो बनाकर पुलिस को भेजा। इसके बाद सादे कपड़ों में पुलिस दल मौके पर पहुंचा, लेकिन जुआरियों ने विरोध, गाली-गलौज और हाथापाई करते हुए वहां से फरार होने में सफलता पाई। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने तक सभी आरोपी मौके से नौ-दो-ग्यारह हो चुके थे। इस बीच केवल तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है,



जबकि बाकी आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जुआ अड्डा चलाने वाले रसूखदार व्यक्तियों के बड़े नेताओं से करीबी संबंध होने के कारण पुलिस गिरफ्तारी से बच रही है। यही वजह है कि दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई ठंडी पड़ी हुई है। अब सबकी नजरें राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह जिले के जिम्मेदार अधिकारियों—जिल्हा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार और सावनेर उपविभागीय पुलिस अधिकारी सागर खर्डे पर टिकी हैं कि वे इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और फरार जुआरियों पर क्या सख्त कदम उठाते हैं।



## प्रा. सना कौसर ने एसईटी परीक्षा में सफलता हासिल की

नागपुर. डॉ. मधुकरराव वासनिक पी.डब्ल्यू.एस. आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस कॉलेज, नागपुर की सहायक प्राध्यापिका, सना कौसर, ने हाल ही में आयोजित एमएच - एसईटी (जून 2025) परीक्षा समाजशास्त्र विषय में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह उपलब्धि कॉलेज और शैक्षणिक समुदाय के लिए गर्व का विषय है। ज्ञात हो कि शिक्षण क्षेत्र में प्राध्यापक बनने के लिए यूजीसी एनईटी या एसईटी जैसी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, और सना कौसर ने इस कठिन चुनौती को पार कर अपनी योग्यता साबित की है। सना कौसर वर्तमान में अंग्रेज़ी विषय में पीएच.डी. भी कर रही हैं। उनकी पीएच.डी. पर्यवेक्षक डॉ. वर्षा वैद्य हैं और वे तायवड़े कॉलेज, महादुला में अपना शोध कार्य कर रही हैं। उनकी इस दोहरी सफलता पर, कॉलेज के सभी प्राध्यापकों और स्टाफ सदस्यों ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सना कौसर की यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर जुलूस, शहर गूंजा नबी के पैगाम से

**पारशिवनी.**


ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मुस्लिम घरों में रौनक का माहौल रहा। मस्जिदों को आकर्षक रोशनियों से सजाया गया और पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के आदर्शों को याद करते हुए इबादत की गई।

सुबह शहर में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने पारंपरिक जुलूस निकाला। यह रैली बाजार चौक, साई ले-आउट, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से होते हुए जामा मस्जिद पर संपन्न हुई। जुलूस के दौरान जगह-जगह मिठाई का वितरण किया गया और भाईचारे का संदेश दिया गया।

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी, जिसे बारावफात भी कहा जाता है, पैगंबर







मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल यह पर्व रबी-उल-अव्वल माह की 12वीं तारीख को यानी 5 सितंबर को पड़ा।

शहर में इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। पारशिवनी ठाणेदार राजेश कुमार थोरात की अगुवाई में पुलिस बल तैनात रहा। धार्मिक सौहार्द और उत्साह के बीच यह पर्व शांति और भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# लगातार नौवें साल 75 श्रेष्ठ कॉलेजों में किशोरताई भोयर कॉलेज ऑफ फार्मसी

**कामठी.**

किशोर भोयर कॉलेज ऑफ फार्मसी, कामठी ने एक बार फिर विदर्भ और महाराष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 में, कॉलेज ने लगातार नौवें साल देश के सर्वश्रेष्ठ फार्मेसी संस्थानों में अपनी जगह बनाए रखते हुए 66वां स्थान प्राप्त किया है। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) एक रैंकिंग प्रणाली है जो राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षण और संसाधन, अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास, स्नातक परिणाम, समावेशिता और संस्थान




की धारणा जैसे विभिन्न मापदंडों पर मूल्यांकन करती है। कामठी जैसे अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद, इस कॉलेज ने देश के प्रतिष्ठित आईआईटी, केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों के साथ-साथ नामांकित निजी संस्थानों के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा करके सफलता हासिल की है। ग्रामीण क्षेत्र में एकमात्र स्वतंत्र फार्मेसी संस्थान के रूप में इस तरह की निरंतर प्रगति हासिल करना बेहद सराहनीय है।

इसके अलावा, कॉलेज को हाल ही में नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) से फिर से मान्यता मिली है और नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल से प्राप्त ए+' ग्रेड उनकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सक्षम प्रशासन और छात्र-केंद्रित पहल का प्रमाण है। कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर डॉ. मिलिंद उमेकर ने इस सफलता पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह सफलता का श्रेय सभी हितधारकों को जाता है - हमारे संकाय, कर्मचारी, छात्र, पूर्व छात्र और सबसे महत्वपूर्ण, प्रबंधन का विश्वास और समर्थन। ग्रामीण क्षेत्र से इतनी उच्च गुणवत्ता को लगातार बनाए रखना वास्तव में गर्व की बात है।'

किशोरताई भोयर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कामठी अपने गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान संस्कृति और उद्योग के साथ सक्रिय सहयोग के लिए पूरे देश में जाना जाता है। अनुसंधान और अभिनव शिक्षण विधियों के माध्यम से, संस्थान ने फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

इस अवसर पर, प्राचार्य डॉ. उमेकर ने संस्थान के प्रबंधन की अध्यक्ष किशोरी भोयर, सचिव सुरेश भोयर और कार्यकारी निदेशक भोयर को उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए विशेष धन्यवाद दिया, जिसके कारण यह सफलता संभव हो पाई।

# उमरेड में ईद-ए-मिलादुन्नबी जुलूस का भाजपा की ओर से स्वागत

**उमरेड.**

जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर उमरेड शहर में निकाले गए भव्य जुलूस का भारतीय जनता पार्टी उमरेड शहर की ओर से हार्दिक स्वागत किया गया। इस मौके पर जुलूस में शामिल मुस्लिम बंधुओं को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं उमरेड विधानसभा क्षेत्र के नेता मा. श्री सुधीरजी पारवे प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मुस्लिम समाज को ईद-ए-मिलादुन्नबी की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। जुलूस का स्वागत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कावरापेठ परिसर से मंसूरी चौक तक किया। इस अवसर पर



प्रकाश सावलकर, मुज्जु मिस्त्री, आसिफ पठान, हबीबजी पटेल, शब्बीरजी शेख, मेहमूदजी पटेल, आबीदजी पटेल, नातीजी खान, इमरान खान, सादीकजी अली, मश्ताकजी शेख, सलीम शेख, आसिफजी पटेल, लालाजी खान, मुन्नाजी पटेल, जुनेद शेख, फारुखजी पटेल, जमिलजी शेख और सलाम (बबलु) शेख सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित रहे।




# भाजपा नेत्री वैशाली मानवटकर को अजय अग्रवाल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएँ

**कामठी.**



नगर परिषद की पूर्व नगरसेविका एवं भाजपा नेत्री वैशाली (बॉबी) मानवटकर के जन्मदिन पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने आगामी कामठी नगर परिषद चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी की। अजय अग्रवाल ने वैशाली मानवटकर के सामाजिक और राजनीतिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कामठी के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है और वे जनता के बीच लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा मजबूत और एकजुट टीम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और शानदार सफलता हासिल करेगी। इस मौके पर वैशाली मानवटकर ने अजय अग्रवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पार्टी द्वारा दिए गए हर दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाएँगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा कामठी के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में सुदर्शन समाज अध्यक्ष शानू ग्रावकर, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी आशुतोष अवस्थी, महामंत्री अजीत सोनकुसरे, उदेश ग्रावकर, सामाजिक कार्यकर्ता बॉबी मानवटकर सहित कई कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।

# 'हूज़ूर का दामन कभी नहीं छोड़ेंगे' के नारों से गूंजा कोंढाली

## > ईद-ए-मिलादुन्नबी भाईचारे और सर्वधर्मीय समभाव के साथ मनाई गई





**कोंढाली.**

कोंढाली नगरी शुक्रवार, 05 सितम्बर को ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर एकता, भाईचारे और उत्साह से सराबोर रही। शहर की पाँचों मस्जिदों सहित आसपास के गाँवों को तोरण, पताका, स्वागत द्वार और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। पूरा नगर मानो धार्मिक आस्था और सौहार्द का संगम बन गया।

सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु "नारे तकबीर – अल्लाह-हो-अकबर", "हूज़ूर का दामन कभी नहीं छोड़ेंगे" और "नारा-ए-रिसालत – या रसूलुल्लाह" के जयकारों के साथ मस्जिदों से निकलकर जामा मस्जिद, बाजार चौक पहुँचे।

वहाँ से जुलूस ने बाजार चौक, राऊतपुरा, टाकेश्वर मंदिर, जैन मंदिर चौक, एफ.सी. चौक, रामनगर, बस स्टेशन होते हुए विकास नगर और सायखोड में समापन किया।

**सर्वधर्मीय समभाव की मिसाल :** जुलूस के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। विठ्ठल मंदिर ट्रस्ट और राम मंदिर द्वारा पुष्पवृष्टि की गई, वहीं जैन मंदिर चौक पर व्यापारी संघों ने मिठाई बांटी। विभिन्न सामाजिक व युवा संगठनों ने चाय, नाश्ता और शरबत का वितरण कर भाईचारे का परिचय दिया।

**धार्मिक झांकियाँ और संदेश :** जुलूस में सजावटी झांकियाँ आकर्षण का केंद्र बनीं। धर्मगुरुओं ने संदेश दिया कि "ईद-ए-मिलाद पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन है, जो हमें शांति, भाईचारा और मानवता का मार्ग दिखाता है।"

**सुरक्षा व्यवस्था कड़ी :** जुलूस के दौरान थाना प्रभारी राजकुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक धवल देशमुख, एस. नानोटी, गौरी ऊईके सहित पुलिस व होमगार्ड के जवानों ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रखी।

कोंढाली ने इस तरह "सर्वधर्मीय समभाव और राष्ट्रीय एकता" की मिसाल पेश करते हुए ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व शांति और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया।

# घरगुती गणपति सजावट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक सपंन्न

**हिंगनघाट.**




राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस (शरदचंद्र पवार पक्ष) हिंगणघाट शहर की ओर से आयोजित घरगुती गणपति सजावट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह हाल ही में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता में हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र के 200 से अधिक स्पर्धकों ने भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में वर्धा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अमर काळे तथा प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शुभम राजू शेंडे, द्वितीय पुरस्कार स्वेता वसंतराव भलावी, तृतीय पुरस्कार विनीत येलगंधेवार, चतुर्थ पुरस्कार किरण देवगिरकर तथा पंचम पुरस्कार दीपाली सुरकार को प्रदान किया गया। वहीं प्रोत्साहन पुरस्कार शरद लोणकर, शर्वरी निलेश वाघ और योगेश वाघमारे को दिए गए। सभी प्रतिभागियों ने आकर्षक व मनमोहक सजावट प्रस्तुत की। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र और सम्मानचिन्ह भी भेंट किए गए।

इस अवसर पर सांसद अमर काले ने कहा कि "गणेशोत्सव महाराष्ट्र का एक प्रमुख उत्सव है। घर-घर में विशेषकर छोटे बच्चों में सजावट का उत्साह देखने को मिलता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती हैं।"

कार्यक्रम का संचालन वैभव साठोने ने किया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा युवक जिला महासचिव राजू मुडे ने प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सुशील घोडे ने किया।

समारोह में राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के प्रदेश संघटक संदीप किटे, जिलाध्यक्ष प्रणय कदम, जिला सरचिटणीस दशरथ ठाकरे, शहराध्यक्ष बालू वानखेडे, समाजसेवक सुनील डोंगरे, शहर कार्याध्यक्ष अमोल बोरकर, प्रदेश सचिव प्रशांत लोणकर, वाहतूक जिलाध्यक्ष शेखर जाधव, माजी नगरसेवक दादा देशकरी सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला जिला सरचिटणीस सुजाता जांभुलकर, जिला उपाध्यक्षा मीना सोनटक्के, दीपाली रंगारी, आचल वकील सहित युवक कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# वर्धा के पालक मंत्री पंकज भोयर ने विभिन्न राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में दिए जवाब

**वर्धा.**



महाराष्ट्र के राज्य मंत्री और वर्धा जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने शुक्रवार को वर्धा में कृषि उपज मंडी समिति का दौरा किया और उसके कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया। इसी के साथ उन्होंने जिला कारागार और एमआईडीसी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पहली बार अलग से ओबीसी मंत्रालय की स्थापना हुई है। इस मंत्रालय ने ओबीसी के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं। इसी वजह से ओबीसी समुदाय भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है। भुजबल साहब को शायद कुछ ग़लतफ़हमियाँ रही होंगी, लेकिन हैदराबाद में सरकार ने सिर्फ़ उन्हीं लोगों को सुविधाएँ दी हैं जिन्होंने सर्टिफिकेट दिया है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। राज्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में किसी को भी मार्च निकालने का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने दोनों समुदायों के लिए एक अच्छा समाधान निकाला है और यह सभी के हित में है। भोयर ने कहा कि बच्चू कडू को चेतावनी देने की पुरानी आदत है। केंद्र और राज्य सरकारें किसानों के लिए कई योजनाएँ लेकर आई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार चुनाव के दौरान किए गए वादों को सही समय पर पूरा करेगी। इस प्रकार, राज्य मंत्री डॉ पंकज भोयर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपना पक्ष रखा।

# अब 9 घंटे की जगह 12 घंटे प्रतिदिन काम

> कैबिनेट ने दी की मंजूरी, छुट्टियों के नियम भी बदले

**बुलढाणा.**

राज्य सरकार की कैबिनेट ने कारखाना अधिनियम में संशोधन को मंज़ूरी दे दी है। अब 9 घंटे की बजाय 12 घंटे काम करने का प्रावधान है। श्रम मंत्री एडवोकेट आकाश फुंडकर ने इस बात की जानकारी दी है। इससे श्रमिकों को ज़्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। पांच घंटे के बाद आराम की अवधि 30 मिनट और 6 घंटे के बाद फिर 30 मिनट कर दी गई है। सप्ताह के कार्य समय को 48 घंटे से बढ़ाकर 60 घंटे कर दिया गया है। श्रमिकों के ओवरटाइम की अधिकतम सीमा अब 115 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे कर दी गई है। इससे श्रमिकों को ज़्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। सरकार की मंज़ूरी के बिना कारखाने समय में बदलाव नहीं कर सकते। अगर श्रमिक अतिरिक्त काम करते हैं, तो उन्हें पूरा मुआवज़ा और सवेतन अवकाश के प्रावधान में बदलाव किया गया है। यह जानकारी राज्य के श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने खामगाँव में मीडिया से बात करते समय दी।

# मेलघाट में फिर जुगाड़ से चल रही एस.टी. बसें

## यात्रियों की जान जोखिम में, तिरपाल डालकर चलाई जा रही बसें

**अमरावती. राजेश मालवीय.**



मेलघाट के आदिवासी बहुल धारणी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अमरावती एस.टी. महामंडल की बसें एक बार फिर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करती नज़र आ रही हैं।

छत पर प्लास्टिक की तिरपाल डालकर बसें चलाई जा रही हैं। पानी की टपकन रोकने के बजाय "जुगाड़" तरीके से बसें दौड़ाई जा रही हैं, यह स्थिति बेहद चौंकाने वाली है।

**टपकती बसों में यात्रियों की दुर्दशा :** बरसात के दिनों में बस की छत से लगातार पानी टपकता है। यात्रियों को सिर पर गिरती बूँदें झेलते हुए सफ़र करना पड़ता है। टिकट का पूरा किराया चुकाने के बावजूद लोगों को इन टपकती बसों में जान जोखिम में डालकर सफ़र करना पड़ रहा है। मेलघाट के आदिवासी, किसान, छात्र और आम यात्री सभी इस बदहाली का सामना कर रहे हैं।

**अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही :** संबंधित वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह से आँखें मूँद कर बैठे हैं। पुरानी और भग्नावशेष हो चुकी बसों की मरम्मत नहीं होती। कई बसें बीच रास्ते में बंद पड़ जाती हैं, तो कई में सफ़र करना यानी रोज़ का संघर्ष बन चुका है।

**जनता में आक्रोश :** यात्रियों का सवाल 'हम टिकट का पैसा देते हैं, तो फिर टपकती बसों में सफ़र क्यों करना पड़े?' पूरे मेलघाट में एस.टी. सेवा ही मुख्य परिवहन व्यवस्था है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करना, शासन और प्रशासन द्वारा जनता के साथ सीधा अन्याय है।

**ठोस मांगे :**

1. भग्नावशेष बसों को तुरंत बंद कर नई बसें उपलब्ध कराई ।
2. हर बस की नियमित मरम्मत और देखभाल अनिवार्य की जाए।
3. यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले ज़िम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

मेलघाट की जनता आज भी "भग्नावशेष बसों" के संकट में सफ़र कर रही है। तिरपाल ढँकी बसें केवल शर्मनाक ही नहीं बल्कि जानलेवा स्थिति हैं। तुरंत ठोस कदम उठाना अब बेहद ज़रूरी है।

# वर्धा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान व आक्रोश बाइक रैली का आयोजन

**वर्धा.**




विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को प्रेस कॉन्फ्रेंस में "वोट चोरी" के प्रमाण प्रस्तुत किए जाने के बावजूद केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी के विरोध में गुरुवार, 4 सितंबर को वर्धा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज चांदुरकर के मार्गदर्शन में "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान और आक्रोश बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आर्वी नाका चौक स्थित राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तत्पश्चात आक्रोश बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों—आर्वी नाका चौक, बैचलर रोड, पावड़े चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, बढ़े चौक, जमनालालजी बजाज चौक, पोस्ट ऑफिस चौक और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक चौक—से होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां महात्मा गांधी और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर रैली का समापन हुआ।

इस मौके पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी अक्षय यादव, प्रदेश अध्यक्ष सागर सालुंखे, पूर्व नगराध्यक्ष शेखर शेंडे, प्रदेश सदस्य शैलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर मडावी, धर्मपाल ताकसांडे, पांडुरंग देशमुख, नरेंद्र मेश्राम, बाळाभाऊ जगताप, सुधीर पांगुळ, बालाभाऊ माऊस्कर, संजय शिंदे, सागर सबाने, राजेश देवढे, अर्चना भोमले, अरुणा धोटे, सपना शेंडे, सोनाली कोपुलवार, मनिष मेघे, बबीता नेगी, विशाल हजारे, राजेश राजुरकर, सुरेश ठाकरे, खुशाल बावणे, राजेश गोरडे, श्रावण सलाम, प्रभाकर धोटे, सुरेश भगत, अक्रम पठान, डॉ. रामकृष्ण मिरगे, सतीश भावरकर, सतीश आत्राम, कमरून पठान, सभान, राजू कंगाले, महेंद्र शिंदे, धनंजय सिंह, सागर ढागनकर, मनीष मस्कर, सतीश बोरकर, बाबाभाऊ राऊत, सुनील कोल्हे, प्रशांत कांबले, शेखभाई हमिद, रवींद्र जाधव, अक्षय खडसे, डॉ. गणेश जवादे, जगदीश मेश्राम, राहुल सुरकार, गौरव वंजारी, रितिक पांडे, गौरव पहाड़े, होमराज रवांदले, आर्थिक म्हस्के, रोशन लोहकरे, विश्वभूषण पाटिल, मोहिनी मरसकोल्हे, जुबेर शाह, दीक्षांत गोरे, साकिब शेख, उमेश नगराले, श्रीकांत धोटे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन वर्धा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ।

# शिवसेना ने किया ईद-ए-मिलाद-उन-नबी शोभायात्रा का भव्य स्वागत



**हिंगनघाट.**

शहर में मुस्लिम समाज द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक ईद-ए-मिलाद-उन-नबी शोभायात्रा का शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) पार्टी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेंद्र खुपसरे, उपजिला प्रमुख सतीश धोबे, तालुका प्रमुख मनीष देवडे, लक्ष्मण डंभारे तथा पूर्व नगरसेवक श्रीधर कोटकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने कारंजा चौक पर पुष्पवर्षा और नारेबाज़ी के साथ रैली का स्वागत किया। शिवसेना पदाधिकारियों ने मुस्लिम समाज के इस पवित्र पर्व पर उपस्थित रहकर समाजबंधुओं को शुभकामनाएँ दीं और भाईचारे व एकता का संदेश दिया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह, श्रद्धा और सद्भावना का माहौल दिखाई दिया। इस्लाम धर्म में ईद-उल-फित्र और ईद-उल-अजहा प्रमुख पर्व माने जाते हैं, लेकिन ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का भी गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो प्रेम, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।इस अवसर पर सुनील आष्टीकर, शंकर झाडे, गजानन काटवले, फिरोज पठाण, शकील अहमद, अभिनंदन मुनोत, नाहिम शेख, वसीम शेख, अतिक मिर्जा, चंगेज खान, नितिन वैद्य, अनंता गलांडे, शीतल चौधरी, शंकर मोहमारे, दिनेश धोबे, हिरामन आवारी, निलेश भगत, संजय पिंपळकर, दिलीप वैद्य, अनिल कडू, सुभाष काटकर, पप्पू घवघवे, विनोद मोहड, प्रकाश भुसारी, अमोल वादाफळे, अनंता सोरटे, भोला ठाकुर, प्रशांत कांबले, गोवर्धन साहू, सुरेश लडी, गोलू चव्हाण, दिलीप चौधरी, पिया खान, हरदीप काळे, आकाश सुरकार, श्याम भिरंगे, विजय कोरडे, गणेश ढेकले, सचिन धोटे, बलराज डेकाटे, सलमान रंगरेज, भास्कर मानकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दीक्षा-शिक्षा से ही जागती है शिष्य की चेतना : प्रो. अवधेश कुमार

## > महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह सम्पन्न

**वर्धा.**



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। तुलसी भवन स्थित महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्य विद्यापीठ एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए गुरु द्वारा दी गई दीक्षा और शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। गुरु ही शिष्य की आंतरिक चेतना को जागृत कर उसे सच्चे अर्थों में मार्गदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु-शिष्य संबंध का अनूठा महत्व रहा है। चाणक्य और वाल्मीकि जैसे आचार्य इसके आदर्श उदाहरण हैं।

प्रो. कुमार ने आगे कहा कि एक आदर्श शिक्षक को आत्मपरीक्षण, आत्मनियमन और आत्मपरिष्कार के माध्यम से सदैव अपने शिष्य का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही शिक्षक का सर्वोच्च दायित्व है, और इसके लिए उसे अपने आचरण, वाणी और चरित्र से उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. एच.ए. हुनगुंद, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. राजेश लेहकुरे, डॉ. विपिन कुमार पाण्डेय, डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. श्रीनिकेतन मिश्र, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. रणंजय सिंह, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रवि कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. राम प्रकाश यादव और डॉ. हिमांशु नारायण सम्मिलित थे।

कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# जश्ने ईद मिलाद में स्वच्छता का अनोखा संदेश : हिंगणघाट के मुस्लिम समाज की सराहनीय पहल

**हिंगनघाट.**



अक्सर देखा जाता है कि बड़े धार्मिक उत्सव, रैलियां या प्रभात फेरियों के बाद सड़कों पर कचरा और गंदगी का अंबार लग जाता है। लेकिन हिंगणघाट शहर में इस बार का ईद मिलादुन्नबी उत्सव स्वच्छता की एक मिसाल बन गया। मुस्लिम समाज ने न केवल जश्ने ईद मिलाद की भव्य रैली निकाली, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी व्यवहार में उतारा। रैली जिस मार्ग से गुज़री, वहां समाजबांधवों ने स्वयं सफाई अभियान चलाकर सड़कें और परिसर स्वच्छ किया। परिणामस्वरूप, रैली समाप्त होने के बाद शहर में कहीं भी गंदगी या अस्वच्छता का नामोनिशान तक नहीं था। इस्लाम धर्म में बताए गए स्वच्छता के आदर्श को समाज ने चरितार्थ कर दिखाया। यह पहल बताती है कि धार्मिक पर्व और उल्लास के साथ-साथ स्वच्छता और अनुशासन भी उतने ही ज़रूरी हैं। शहरवासियों ने मुस्लिम समाज की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और गर्व की भावना व्यक्त की। सच ही कहा गया है –ईमान की पहचान स्वच्छता से होती है।

# अवैध रेत चोरी करते ट्रैक्टर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

> 7 लाख का माल बरामद

**वर्धा.**



अल्लीपुर रोड पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अवैध तरीके से रेत चोरी कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर व ट्रॉली को जब्त किया गया है। इस दौरान दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लगभग 7 लाख रुपये का माल बरामद किया गया।

जानकारी के अनुसार, अल्लीपुर हाईवे पर दुर्घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस ने नाकाबंदी कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान तलेगांव टालाटुले गांव की ओर से बिना नंबर प्लेट का एक ट्रैक्टर आते दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक ने ट्रैक्टर तेज गति से भगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर (जॉन डियर कंपनी) और ट्रॉली में नदी से निकाली गई गीली रेत भरी हुई थी। जब ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का पंजीकरण और रेत की रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो चालक कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने आरोपी चंद्रकांत माधव लाखे और मंगेश गजानन मरघले, दोनों निवासी तलेगांव, को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर (कीमत 5 लाख), ट्रॉली (1 लाख) और रेत से भरी ट्रॉली (7 हजार) सहित कुल 6 लाख 7 हजार रुपये का माल जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों पर बी.एन.एस. की धारा 303 (रेत चोरी) एवं मोटर वाहन अधिनियम की धारा 3/181, 177 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच अल्लीपुर पुलिस स्टेशन के अजय शेंडे कर रहे हैं।

# हिंगनघाट शहर गूँज उठा : जश्ने ईद मिलादुन्नबी उल्लास और श्रद्धा से मनाई गई

**हिंगनघाट.**






पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब की जयंती के अवसर पर शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाई गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस पर्व को खास बना दिया।

शहर से निकला भव्य जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में जगह-जगह रंग-बिरंगे झंडे लहराए गए, रोशनी से सजे रथ निकाले गए और धार्मिक नारों की गूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। नात-ए-पाक की मधुर आवाज़ों ने पूरे शहर को भक्ति और प्रेम से सराबोर कर दिया।

छोटे बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। जुलूस के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वागत कर आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव न होकर अमन, सद्भावना और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। मुस्लिम समाज की सक्रिय भागीदारी से हिंगणघाट शहर में खुशी और सौहार्द का माहौल व्याप्त रहा।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व ने शहरवासियों के दिलों में अविस्मरणीय छाप छोड़ी और भाईचारे की मिसाल पेश की।

# स्थानीय अपराध शाखा की बड़ी कार्रवाई : दो जगहों पर छापा

## > ₹ 5.67 लाख का प्रतिबंधित तंबाकू–पान मसाला जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**हिंगनघाट.**




वर्धा की स्थानीय अपराध शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने शासन द्वारा प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू और पान मसाला का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई में कुल ₹ 5,67,965 का माल जब्त किया गया और दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

**पहली कार्रवाई :**

मिली जानकारी के अनुसार, 4 सितंबर की रात गुप्त सूचना पर मांडगांव क्षेत्र में जाल बिछाया गया। इस दौरान आरोपी शुभम अरुणराव वैद्य (31, निवासी मांडगांव) को मौजा मांडगांव–शेडगांव चौक रोड, लेंडी नाला पुलाजवल रोका गया। वह अपनी महिंद्रा स्कॉर्पियो से 25.205 किलो प्रतिबंधित तंबाकू–पान मसाला (मूल्य ₹52,965) की ढुलाई कर रहा था। पुलिस ने वाहन सहित कुल ₹ 5,52,965 का माल जब्त किया।

**दूसरी कार्रवाई :**

इसी दिन, हिंगणघाट तहसील के वाघोली निवासी पुरुषोत्तम वसंतराव भुते (36) के घर पर छापा मारा गया। यहां से 30 किलो (मूल्य ₹ 15,000) सुगंधित तंबाकू का भंडार बरामद किया गया।

**कुल जब्ती व मामला दर्ज :**

दोनों कार्रवाइयों में मिलाकर पुलिस ने 55 किलो 205 ग्राम प्रतिबंधित तंबाकू–पान मसाला व वाहन सहित कुल ₹ 5,67,965 का माल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ हिंगणघाट पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस टीम की भूमिका :**

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे के मार्गदर्शन में की गई। इसमें स्थानीय अपराध शाखा वर्धा के पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, उपनिरीक्षक सलाम कुरैशी, अरविंद येनुरकर, रोशन निंबोळकर, रवि पुरोहित, रितेश गेटमे और अभिषेक नाईक ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# 'माय बाप्पा वर्कशॉप' ने छात्रों में बांटी खुशिया

## गणेश चतुर्थी के उत्सव को समर्पित अनोखी कलाकृतियां बनाई





**नागपुर.**

गणेश चतुर्थी जैसे शुभ अवसर के उपलक्ष्य में, नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने देशभर के 80 से अधिक स्कूलों के साथ मिलकर छात्रों का पसंदीदा 'माय बाप्पा वर्कशॉप' आयोजित किया। इस पहल के तहत छात्रों ने यूवा स्टेशनरी द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई किट्स की मदद से परंपरा और संस्कृति को रचनात्मकता के साथ जोड़ते हुए गणेश उत्सव की भावना को दर्शाती हुई अनोखी कलाकृतियों बनाई। यूवा का वार्षिक 'माय बाप्पा वर्कशॉप रचनात्मकता और ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के ज़रिए गणेश चतुर्थी की भावना को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है। यूवा में गणेश चतुर्थी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि कल्पना शक्ति, सीख और एकजुटता का उत्सव है, जिसमें बच्चों की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है।

इस वर्ष यह पहल महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक समेत देशभर के 80 से अधिक स्कूलों तक पहुँची और छात्रों में त्योहार की खुशी बांटी। नागपुर में, यूवा ने सरस्वती विद्यालय शंकर नगर, यशोदा स्कूल, गुरुकुल विद्या मंदिर फ्रेंड्स कॉलोनी, जेएन टाटा परासी हाई स्कूल शुक्रवारी, कुर्वे मॉडल पब्लिक स्कूल सीबीएसई दीक्षाभूमि और आर एस मुंडले इंग्लिश स्कूल समर्थ नगर नागपुर सहित स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए। देशभर में 24,000 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस उत्सव में भाग लिया और भगवान गणेश को समर्पित सुंदर कलाकृतियों बनाई। यूवा स्टेशनरी के चीफ़ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा, "यूवा में हमारा मानना है कि त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि सीखने, आनंद और एकजुटता के अवसर होते हैं। 'माय बाप्पा' उत्सव के ज़रिए हम बच्चों को रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और हमारी सांस्कृतिक मूल्यों मे जुड़ने की प्रेरणा और साधन देने का प्रयास करते हैं। बच्चों का उत्साह और उनकी कलात्मक प्रतिभा देखकर यह एहसास और भी गहरा हुआ है कि हम जो कर रहे हैं, वह क्यों महत्त्वपूर्ण है।

## गणेशोत्सव पर जेमिनी कुकिंग ऑयल की अनोखी पहल
## 15 फीट ऊँचा मोदक बना भक्तों के आकर्षण का केंद्र



**राज्य में इस गणेशोत्सव की रौनक और भी हुई खास, जब देश के प्रमुख खाद्य तेल ब्रांडों में से एक, जेमिनी कुकिंग ऑयल ने एक अनोखी और भव्य पहल के तहत 15 फीट ऊंचा विशाल मोदक प्रस्तुत किया। यह मोदक केवल आकार में ही नहीं, बल्कि अपने निर्माण में भी विशेष है. इसे 1,000 से अधिक जेमिनी सनफ्लावर ऑयल की बोतलों से तैयार किया गया है और इसका कुल वजन 1,500 किलो से भी अधिक है।**

# कामठी में ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस

## पुलिस रही मुस्तैद, जगह जगह शीत पेय, अल्पोहार का इंतजाम



**कामठी.**

पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन, ईद मिलादुन्नबी, कामठी में बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी, मरकज़ी सिरतुन्नबी सोसायटी द्वारा आयोजित यह जश्न, एकता और भाईचारे का शानदार मिसाल पेश करता नज़र आया। इस मौके पर, शुक्रवार, 5 सितंबर को एक भव्य जुलूस निकाला गया। सुबह 8:30 बजे, मौलाना मोहम्मद अली जौहर मंच, मोहम्मद अली गंज से शुरू हुआ यह जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए दोपहर 1 बजे वापस इसी मंच पर पहुंचा। जुलूस में शामिल लोगों में गजब का उत्साह और भाईचारा देखने को मिला।

पूरे जुलूस के दौरान, डीसीपी निकेतन कदम व एसीपी अंकुश खेड़कर के मार्गदर्शन एवं जूना कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े व नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, तथा ट्रैफिक पुलिस निरीक्षक सुनंदा देशमुख के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा। जुलूस के रास्ते में, विभिन्न स्थानों पर लोगों के लिए शीत पेय और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी, जिसने इस आयोजन में चार चांद लगा दिये।

मौलाना मोहम्मद अली जौहर मंच पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री एड.सुलेखा कुंभारे, सांसद श्यामकुमार बर्वे, पुर्व ज़िला परिषद अध्यक्ष सुरेश भोयर, ज़िला परिषद महिला व बालकल्याण समिति पूर्व सभापति प्रा अवंतिका रमेश लेकुरवाले, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष माया चवरे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शकूर नागाणी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शाहजहां सफ़ाअत अंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार, समाजवादी पार्टी प्रदेश महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, राकांपा अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष शोएब असद, जमीतुल कुरैश संगठन कार्याध्यक्ष इरशाद अहमद कुरैशी, उपाध्यक्ष फारूक कुरैशी, उपाध्यक्ष आरिफ कुरैशी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष रमेश दुबे, कांग्रेस सेवादल कामठी अध्यक्ष नितेश यादव, छावां मराठा संगठन ज़िला अध्यक्ष नियाज़ सिंघानिया, समाजवादी पार्टी कामठी शहर अध्यक्ष तसनीम फैसल, छावणी क्षेत्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष सोमेश जेटली, पूर्व नगरसेवक उबैद अफ़रोज़, सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर सिंह सीरिया, हाजी अरशद मेंबर, शिवसेना उबाठा अल्पसंख्यक तालुका अध्यक्ष मंशा पटेल, मूलचंद सीरिया, पूर्व नगरसेवक लालसिंग यादव, विदर्भ एजुकेशन फोरम के अनवारूल हक़ पटेल, रिपाई गवई गुट नागपुर ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर, और विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष मो. शाहजहाँ शफाअत और नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष शकूर नागानी के संरक्षण में आयोजित किया गया, जिसमें हाजी मोहम्मद हनीफ अशरफी (अध्यक्ष), मो. आबिद ताजी (उपाध्यक्ष), मो. युसूफ इकबाल कुरैशी (महासचिव), नूर मसेहम्मद नूरी (सहसचिव), और तारिक अहमद कुरैशी (कोषाध्यक्ष) जैसे पदाधिकारी शामिल हैं।

नियाज़ अहमद कुरैशी, मो. अकरम, याकूब शेख, हाजी नासिर भाटी, मो. जाफर (लाला), मो. अलिमुद्दीन तेंवर, मो. फारूक शब्बीर, इरशाद कुरैशी, तहसिन अख्तर, और गफ्फार भाटी जैसे संयोजक सहित मरकज़ी सिरतुन्नबी सोसायटी के अन्य सदस्यों ने कड़ी मेहनत की, जिसके लिए उनकी सराहना की गई। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि कामठी की सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का भी एक प्रतीक बन गया है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 455-4 | 223-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 600-6 | 135-9 |

## नागपुर में दाऊदी बोहरा समुदाय ने मिलादुन्नबी मनाया

**नागपुर.** दुनिया भर के दाऊदी बोहरा समुदाय ने विश्वभर के मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर पैग़म्बर मोहम्मद (स.अ.व.) की विलादत मुबारक मिलादुन्नबी को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। नागपुर में हजारों समुदाय ने अपने-अपने सामुदायिक केंद्रों में एकत्र हुए और 52वें दाई अल-मुतलक हज़रत सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन का रिकॉर्ड किया हुआ प्रवचन सुना। इनमें इतवारी की बाबरी मस्जिद, सदर की बुरहानी मस्जिद, शांति नगर की हाकिमी मस्जिद और मंगलवारी की फखरी मस्जिद प्रमुख केंद्र रहे। सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन ने अपने प्रवचन में पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.व.) की सीरत और शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि समुदायजन अपनी तहजीब और पहचान से जुड़े रहें तथा दैनिक नमाज और कुरान की तिलावत के माध्यम से अपने चरित्र का निर्माण करें। नागपुर के सामुदायिक संयोजक तैय्यब आरिफ ने कहा: "मिलादुन्नबी हमें पैग़म्बर (स.अ.व.) के प्रति हमारी गहरी श्रद्धा को पुनर्जीवित करता है। उनकी रहमत, इंसाफ और इंसानियत की शिक्षाएं मुस्लिम उम्मत के हर सदस्य के लिए मार्गदर्शन प्रकाश हैं।

# रिपाई ज़िला अध्यक्ष शंभरकर, शहर कार्याध्यक्ष गायकवाड, गड़चिरोली अध्यक्ष बने बोरकर



**नागपुर.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिपाई) गवई गुट ने महाराष्ट्र के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। पार्टी के महाराष्ट्र राज्य चुनाव अधिकारी, डॉ. गौतम गोसावी ने नागपुर जिले और शहर तथा गड़चिरोली जिला के लिए प्रमुख नियुक्तियों का ऐलान किया। घोषणा के अनुसार, कामठी निवासी सुधीर शंभरकर को नागपुर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, क्षितिज गायकवाड़ को नागपुर शहर का कार्याध्यक्ष (वर्किंग प्रेसिडेंट) तथा गड़चिरोली जिला अध्यक्ष मुनेश्वर बोरकर को बनाया गया है।

यह घोषणा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, नागपुर प्रदेश के अध्यक्ष प्रकाश कुंभे की ओर से जारी की गई है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य नागपुर में पार्टी संगठन को मजबूत करना और आगामी गतिविधियों को गति देना है।

उपरोक्त नियुक्ति पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने रिपाई गवई गुट के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजेंद्र गवई, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जगप्पा कांबले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामराव दाभाड़े, नागपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुंभे का आभार व्यक्त किया है।

# जीएसटी सुधारों पर कमिट अध्यक्ष डॉ. दिपेन अग्रवाल की प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली/नागपुर.** भारत सरकार द्वारा हाल ही में घोषित जीएसटी सुधारों का चेंबर ऑफ़ एसोसिएशन ऑफ़ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड (कमिट) ने स्वागत किया है। कमिट अध्यक्ष डॉ. दिपेन अग्रवाल ने कहा कि 22 सितम्बर 2025 से लागू होने वाली दो स्लैब प्रणाली (5% और 18%) कराधान को सरल एवं पारदर्शी बनाएगी और उपभोग को बढ़ावा देने का काम करेगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दूध, पनीर, स्नैक्स और जीवन रक्षक दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं पर कर में कमी या कर-मुक्ति से मध्यम और निम्न आय वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, उपभोक्ता उपकरण, छोटे वाहन और सीमेंट को 28% से घटाकर 18% स्लैब में लाने से मांग बढ़ेगी तथा निर्माण लागत और जीवनयापन खर्च में कमी आएगी। स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर कर छूट और मेडिकल उत्पादों पर कम जीएसटी से स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक किफायती होंगी।

**चुनौतियां भी मौजूद :** उन्होंने कहा कि सुधारों से उपभोग में वृद्धि तो होगी, लेकिन इससे सरकार के राजस्व पर 47,000 से 93,000 करोड़ सालाना का दबाव पड़ सकता है। तंबाकू, पान मसाला, शर्करा युक्त पेय और लक्ज़री वस्तुओं पर 40% की दर से माँग पर अप्रत्याशित असर पड़ सकता है। साथ ही पेट्रोलियम और शराब जैसे क्षेत्रों को शामिल किए बिना जीएसटी ढाँचे को पूरी तरह सरल नहीं माना जा सकता।

**अनुपालन सुधार भी लागू :** अप्रैल 2025 से लागू होने वाले नए प्रावधान जैसे बहु-कारक प्रमाणीकरण, कड़े ई-वे बिल नियम, इनवॉइस क्रम अनिवार्यता, आईएसडी पंजीकरण और सख्त रिटर्न फाइलिंग समय सीमा व्यवसाय की सुगमता और डिजिटल जवाबदेही को सुनिश्चित करेंगे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ये सुधार आमजन और छोटे व्यवसायों को राहत देंगे और उपभोग-अनुकूल माहौल तैयार करेंगे। लेकिन राज्यों और केंद्र के राजस्व संतुलन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। समग्र रूप से यह सुधार भारत को एक आधुनिक, पारदर्शी और विकासोन्मुख जीएसटी प्रणाली की ओर अग्रसर करेगा।

